Indore Samachar, Indore, Sep 05 2012

टीसीएस आईटी क्विज इंदौर संस्करण का शुभारंभ

सेंट पॉल हायर सेकेंडरी स्कूल बना चैम्पियन, नेशनल फायनल्स में विजेता इंदौर का प्रतिनिधित्व करेंगे

इंदौर, स्थानीय डीएवीवी यूनिवर्सिटी परिसर खण्डवा रोड स्थित यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम, में मंगलवार को आयोजित भारत की सबसे बडी इंटर स्कूल आईटी क्विज टीसीएस आईटी विज के इंदौर संस्करण के शुभारंभ पर जबरदस्त प्रतिसाद मिला, टाटा कंसलटेंसी द्वारा आयोजित तथा स्थापित टीसीएस क्विज 2012 में इंदौर के विभिन्न स्कूलों के 1000 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लेकर इसे सफल बनाया । प्राथमिक राउण्ड और उसके बाद कुछ कठिन तथा गहन अंतिम राउण्ड में जबरदस्त मुकाबले के बीच सेंट पॉल हायर सेकेंडरी स्कूल के पंकज मनचंदा तथा प्रत्युष समल ने विजेता ट्रॉफी और गैलेक्सी नोट जीता तथा एटोमिक एनर्जी सेन्ट्रल स्कूल के अभिषेक नाइक तथा पलाश अग्रवाल ने उपविजेता के रूप में उपविजेता की ट्रॉफी के साथ गैलेक्सी टेब जीतने में सफलता पायी। इस क्विज को ख्याति प्राप्त क्विज मास्टर पिकब्रैन गिरिबालासुब्रमणियम ने होस्ट किया था।

पुरस्कार हमारे सम्माननीय अतिथि डाइरेक्टर, डायरेक्टोरेट ऑफ डिस्टेंस एजुकेशन, यूनवर्सिटी ऑफ इंदौर, डी ए वी वी डॉ. जयंत सोनवालकर और एमपी ऑनलाइन के सीओओ प्रमोद भार्गव के द्वारा वितरित किये गये।टीसीएस आईटी क्विज 2.12 की विशेषता क्विजमास्टर पिकब्रैन और उनकी टीम द्वारा निर्मित भारत के पहले एनिमेटेड आधरित क्विज सॉफ्टवेयर है। इस आयोजित रीजनल फाइनल्स एक अदभूत गेम आधारित फार्मेट है जो कि एक विशेष सॉफ्टवेयर से संचालित होता है।